## खबर संक्षेप

### जूनियर सचिन व पुष्पा आज नगर में



**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत अध्यक्ष के निर्दलीय प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए जूनियर सचिन व जूनियर पुष्पा का आज शनिवार को नगर आगमन हो रहा है। वे दोनों आर्टिस्ट सुबह 10 बजे पहुंच कर स्थानीय मां काली मंदिर से नगर में भव्य रोड शो करेंगे।

### पुलिस कर्मियों से अभद्रता, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** मडई मेला कार्यक्रम में पुलिस सुरक्षा में तैनात कर्मियों के साथ अभद्रता कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 121, 221, 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि उतई स्थित ग्राम परसाही में मेला मड़ई कार्यक्रम चल रहा था। जहां पुलिस बल कानून, शांति व्यवस्था के लिए लगाया गया था। कार्यक्रम में संजय ठाकुर और जोहन ठाकुर मड़ई में राउत नाचा निकलने के दौरान उपद्रव करने लगे। राउतनाचा वालों को और खिलौना दुकान वालो के साथ गाली गलौच मारपीट पर आमदा हो गए थे। जिसे देख पुलिस बल दोनों पक्षों को समझाया। जिससे उपद्रवी संजय ठाकुर और जोहन ठाकुर उर्फ जितेन्द्र अभद्रता कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। कार्रवाई में उतई प्रभारी विपिन रंगारी और उनकी टीम का योगदान रहा है।

### जबलपुर-रायपुर के बीच जल्द दौड़ेगी वन्देभारत

**भिलाई।** रेलवे जबलपुर और रायपुर के बीच जल्द ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत करने वाली है। दोनों शहरों के बीच की दूरी लगभग 410 किलोमीटर होगी। जिसे वंदे भारत ट्रेन सात घंटे में तय करेगी। जिससे यात्रा और अधिक सुविधाजनक के साथ समय की बचत होगी। पश्चिमी मध्य रेलवे ने ट्रेन का प्रस्तावित टाइम टेबल रेलवे बोर्ड को भेजा है। वंद भारत एक्सप्रेस जबलपुर से रायपुर के बीच गोंदिया होकर चलेगी। यह ट्रेन नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग और रायपुर तक के यात्रियों के लिए फायदेमंद साबित होगी। प्रस्तावित टाइम टेबल के अनुसार, ट्रेन सुबह 5 बजे जबलपुर से रवाना होकर 12 बजे रायपुर पहुंचेगी।

### फार्म हाउस और फैक्ट्री से चोरी, जांच शुरु

**भिलाई।** फैक्ट्री और निर्माणाधीन फार्म हाउस से अज्ञात ने रखे सामानों को पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी अनिकेत सिंह का इंडस्ट्रीयल एरिया में न्यू कैपिटल इंटरप्राइजेस के नाम से प्लांट है जहां स्पेयर पार्टस बनता है। 4 फरवरी की शाम 7 बजे फैक्ट्री बंद कर घर अपने घर चला गया। सुबह 5 बजे फैक्ट्री आया तब सुरक्षा गार्ड ने बताया कि वेल्डिंग मशीन का कॉपर केबल कटा है। 2 वेल्डिंग मशीन का कॉपर वायर करीब 10 मीटर, दो मोबाइल सेट गायब मिला। वहीं दूसरी चोरी आमदी नगर हुडको निवासी राबिया ने ने पुलिस में शिकायत किया है कि उनका ग्राम कुरुद में 2 एकड़ का फार्म हाउस में भी चोरी की वारदात हुई है।




बैठक

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में आश्रम अधीक्षक-अधीक्षिकाओं के साथ विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को दिए दिशा निर्देश

# आश्रमों के विद्यार्थियों को छात्रावास की सुविधा का समुचित लाभ मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि छात्रावास एवं आश्रम समाज के जरूरमंद विद्यार्थियों के लिए संरक्षण स्थली एवं संस्कार भूमि है। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि छात्रावास, आश्रमों में निवासरत सभी विद्यार्थियों को छात्रावास की व्यवस्था का समुचित लाभ मिले।



चन्द्रवाल ने आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को जिले के छात्रवास एवं आश्रमों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के अलावा स्वीकृत सभी सीटों पर विद्यार्थियों को शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं। चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित आदिम जाति कल्याण विभाग के समीक्षा बैठक में सभी छात्रवास, आश्रमों के अधीक्षक-अधीक्षिकाओं के अलावा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रत्येक छात्रवासों में आवासीय, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई, स्वच्छता, स्वास्थ्य परीक्षण, भवन, विद्युत व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। चन्द्रवाल ने विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को जिले के छात्रवास, आश्रमों में अध्ययन-अध्यापन की बेहतर व्यवस्था के अलावा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल परिवेश एवं संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित विभाग के अन्य अधिकारियों के अलावा छात्रवास, आश्रमों के अधीक्षक-अधीक्षिका उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर सभी अधीक्षक-अधीक्षिकाओं से छात्रवास एवं आश्रमों के व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु स्वयं द्वारा किए गए प्रयासों के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम को बेहतर एवं उत्कृष्ट बनाने हेतु किए गए उपायों के अलावा शासन द्वारा निर्धारित मेन्यू के आधार पर समुचित मात्र में भोजन एवं नाश्ता प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपायों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने बच्चों के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था के अलावा खेलकुद एवं मनोरंजन की समुचित व्यवस्था तथा छात्रवास, आश्रमों की स्वीकृत सीटों में बच्चों की शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने हेतु किए गए उपायों के संबंध में भी जानकारी ली।

उन्होंने छात्रवास, आश्रमों के स्वीकृत सीट के आधार पर बच्चों की शत प्रतिशत प्रवेश हेतु समुचित प्रचार-प्रसार के अलावा बच्चों एवं पालकों से मुलाकात कर उन्हें छात्रवास एवं आश्रमों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने कहा कि जिन अधीक्षक-अधीक्षिकाओं के पास एक से अधिक छात्रवास एवं आश्रमों का प्रभार है इन छात्रवास, आश्रमों की व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो सके। इसके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में चन्द्रवाल ने एकलव्य आवासीय विद्यालय डौण्डी के प्राचार्य से विद्यालय एवं छात्रवास व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु निर्धारित कार्य योजना के संबंध में जानकारी ली। एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय के बोर्ड परीक्षाओं का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित करने की जानकारी दी। बैठक में चन्द्रवाल ने क्रीडा परिसर डौण्डी के व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। चन्द्रवाल ने उनके द्वारा पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर अधीक्षक-अधीक्षिकाओं द्वारा छात्रवास एवं आश्रमों के व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु किए गए उपायों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने हेतु अपने प्रयासों में निरंतरता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। चन्द्रवाल ने सभी अधीक्षक-अधीक्षिकाओं को व्यवस्था को और बेहतर एवं उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए सतत प्रयास जारी रखने के निर्देश भी दिए।

चन्द्रवाल ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र में जिले के छात्रवास एवं आश्रमों की व्यवस्था को बेहतर एवं उत्कृष्ट बनाकर विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल परिवेश एवं संसाधन उपलब्ध कराने हम सभी को समवेत प्रयास करना होगा। बैठक में चन्द्रवाल ने छात्रवास एवं आश्रमों के अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग के अन्य निर्माणाधीन कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए।

# पेंशनर संघ ने मासिक बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का लेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक पेंशन भवन शिकारी पारा बालोद में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने की। मुख्य अतिथि जगदीश देशमुख साहित्यकार थे। विशिष्ट अतिथि दशरथ कलिहारी, प्रोफेसर डीआर वैद्य, गोरेलाल शर्मा और रामेश्वर लाल यादव थे। पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों के स्वागत के पश्चात संघ के कोषाध्यक्ष आईएन योगी द्वारा वर्ष 2024 के आय- व्यय का लेखा प्रस्तुत किया जा रहा था।



प्रांतीय सम्मेलन बीजापुर में सहभागिता एवं सहयोग प्रदान करने वाले पेंशनर साथियों को प्रांतीय स्तर से प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ था उनका वितरण किया गया। कार्यक्रम के बीच-बीच में जगदीश देशमुख, सीआर साहू तथा अतिथियों द्वारा अपनी काव्य रचना बसंत का आगमन तथा प्रकृति की सुंदरता को बिखरने वाली कविताएं प्रस्तुत की जा रही थी। इससे वातावरण खुशनुमा हो गया। अध्यक्ष ने बताया कि अब हमारा कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, अगले माह में मुख्य पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न किया जाना है। केंद्र सरकार द्वारा आय कर की सीमा 12 लाख तथा पेंशनरों के आय में एक लाख रुपए की ब्याज पर टीडीएस की सीमा बढ़ाई जाने की घोषणा का स्वागत किया गया। आभार प्रदर्शन सुरेंद्र ताम्रकार ने किया। बैठक में पुरूषोतम देशमुख, बीआर बेलसर, आईएन योगी, यूएस ठाकुर, ईश्वर प्रसाद साहू, सीआर साहू, सुरेंद्र ताम्रकार, डीडी साहू, ताम्रध्वज निषाद, भगवान सिंह, बीबी मेश्राम, रूपलाल साहू, मोहनलाल धुर्वे, रामेश्वर लाल यादव, हरिश्चंद्र पटेल, मोहनलाल साहू, बीआर भूआर्य, विष्णु राम ठाकुर, एनआर कुलहरिया, आरपी वर्मा, जितेंद्र आर्य, नंद कुमार ठाकुर, दीनदयाल पटेल, प्रहलाद सिंह ठाकुर, हरिश्चंद्र कुर्रे, मुन्ना लाल विश्वकर्मा, संत कुमार धलेंद्र, भुवन सिंह, पुष्पा बाई, सावित्रीबाई, रंभा मांडवी, फूलबाई, सुशीला बाई, नीरा बाई, गंगाबाई साहू आदि अनेक लोगों उपस्थित थे।

# देवांगन समाज ने परमेश्वरी जयंती पर निकाली झांकी

## कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्रों, सैनिकों और वरिष्ठों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के आमापारा स्थित देवांगन समाज के परमेश्वरी भवन में ब्लॉक स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया। भवन में सुबह से ही सामाजिक पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे, जिसके बाद परमेश्वरी भवन में स्थापित मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना की गई।

### गाजे बाजे के साथ शहर भ्रमण किया

परमेश्वरी भवन से सामाजिक पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में शहर भ्रमण के लिए जुलूस निकाला गया। जुलूस में समाज की एक बेटी को माता परमेश्वरी की झांकी बनाई गई थी, तो गाजे बाजे के साथ नाचते गाते बालोद शहर का भ्रमण कराया गया। रैली सामाजिक भवन से निकलकर दल्लीचौक, घड़ी चौक, सदर रोड होते हुए मधु चौक, जय स्तंभ चौक से होकर वापस परमेश्वरी भवन पहुंची।





### प्रतिभावान छात्रों, सैनिकों और वरिष्ठों का हुआ सम्मान

रैली भ्रमण के बाद समाज के लोगों ने भवन में भोजन ग्रहण किया। इसके बाद मंच पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सबसे पहले मां परमेश्वरी की आरती की गई और फिर मंच पर मौजूद अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। इसके बाद समाज के प्रतिभावान छात्रों, सैनिकों और वरिष्ठों का सम्मान किया गया।

### ये अतिथि हुए शामिल

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत के सभापति केदार देवांगन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन ने की। विशेष अतिथि महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष केशर देवांगन, सचिव मूलचंद देवांगन, कोषाध्यक्ष पंचूराम देवांगन, उपाध्यक्ष भारती देवांगन, सलाहकार बीएल देवांगन, एम एल देवांगन, संरक्षक नरेंद्र देवांगन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष टिकेंद्र देवांगन, नगर अध्यक्ष जीवन लाल देवांगन, दिनेश देवांगन, डोमन लाल देवांगन, कमल नारायण देवांगन, चंपालाल देवांगन ,गोपाल सिंह देवांगन, नरेंद्र देवांगन, राधेश्याम देवांगन गोकुल देवांगन, रामानंद देवांगन, गुमान सिंह देवांगन, सखाराम देवांगन, अजीत देवांगन, खिलावन सिंह, बुद्धेश्वर देवांगन, संगीता देवांगन, रामेश्वरी देवांगन, निशा देवांगन, पायल देवांगन, संतोषी देवांगन, प्रीति देवांगन, लक्ष्मी देवांगन ललिता देवांगन उपस्थित थे।

# रामकथा के श्रवण से लोग हो रहे अभिभूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

धनोरा में 4 फरवरी से शत चंडी यज्ञ जारी है। बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा के विशेष सहयोग से महावीर उद्यान में यज्ञ हो रहा है। बनारस से पधारे विद्वान हर रोज 7 से 12 बजे तक मां चंडी की अराधना करते हैं। फिर 1 बजे से पंडित दीपक पाण्डेय जी के द्वारा श्री हनुमंत कथा की जाती है।

- रामकथा सुनने बड़ी संख्या में आ रहे लोग



कथा के दौरान महाराज जी ने बताया कि हनुमान जी ने माता सीता के पास जाकर राम जी का संदेश दिया और अपना परिचय दिया कि मैं रामदुत हनुमान हूं सच में हमारा परिचय तो यही है। इसके बाद सीता जी ने हनुमान जी को आशीर्वाद दिया कि '**अजर अमर गुननिधि सुत होहू करहू बहुत रघुनायक**' जो भगवान से प्रेम करता है पर जब भगवान ही जीव से प्रेम करने लग जाए तो जीव की मुक्ति मे संदेह नहीं रह जाता। सीता जी की कृपा से हनुमान जी ने लंका को जला डाला सीता जी से चुड़ामनी लेकर राम जी के पास गए। विभीषण को भी राम जी ने शरण में लिया और रावण का वध कर उन्हें लंका का राज सहजता पुर्वक प्रदान कर दिया। राम जी अयोध्या को गए तो अयोध्या में उनका भव्य स्वागत किया गया और राम जी का राज्याभिषेक हुआ। रामराज के आने से त्रैलोक्य हर्षित हुआ, पुष्पवर्षा और जयघोष किए गए। आगे लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि हर रोज सुबह शाम यज्ञ स्थल मे परिक्रमा करने से मां भगवती चंडी माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है और सारे दुख दरिद्र संकट कटते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने आगे बताया कि 8 फरवरी से श्री रामकथा का आयोजन कथा वाचक अनंत श्री विभूषित हनुमंत द्वार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्राचार्य जी महाराज करेंगे। 10 फरवरी को रात 7 बजे से महावीर उद्यान कथा स्थल पर छत्तीसगढ़ की मशहूर श्री राम दरबार मानस परिवार चीतमखार गरियाबंद मंडली द्वारा मानस गान किया जाएगा।श्री चंडी यज्ञ के मुख्य यजमान गुलाब साहू, सुनीता साहू, मनोज पटेल, हितेश पटेल, ललित साहू, मंजू साहू, योगेश साहू, देवश्री साहू, आदि लोग मुख्य रूप से सेवा दे रहे हैं। साथ ही विनोद साहू, रुपलाल साहू, रोमनाथ साहू, बबलू, गज्जू, भोलू, खिलेशवर आदि ग्रामवासी कथा के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्वस्थ व दीर्घायु जीवन के लिए योगाभ्यास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम बिजोरा (डौंडीलोहारा) में मंडाई मेला के पावन अवसर पर 3 से 7 फरवरी तक निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 50 बच्चों व ग्रामवासी उपस्थित थे। योग शिक्षक पीलूराम साहू ने बताया प्रतिदिन प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रार्थना, संगीत व विभिन्न रोगानुसार, यौगिक जौगिग सूर्य नमस्कार, प्रज्ञायोग व्यायाम, खड़े होकर ताड़ासन , वृक्षासन, गरुडासन, बैठकर वज्रासन, मंडूकासन, शशकासन पेट के बल लेटकर धनुरासन, मकरासन , शलभासन सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन, सर्वांगासन, शवासन करवाया गया। इसी तरह भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभांति प्राणायाम बाह्य, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, शीतली, शीतकारी प्राणायाम, सिंहासन हास्यासन के साथ ही जीवन जीने की कला बताया गया। स्वस्थ व दीर्घायु जीवन के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास अनिवार्य है। मनुष्य को ही योग ध्यान साधना मय जीवन जरूरी है अन्य प्राणियों को नहीं क्योंकि मनुष्य प्रकृति के अनुसार जीवन नहीं जीता है। किसी भी प्रकार के नशापान नहीं करना चाहिए। बच्चों ने कहा की योग करेंगे, रोज करेंगे।

- योग शिविर का 50 बच्चों व ग्रामवासियों ने लिया लाभ



कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय बिजोरा के प्रधान पाठक श्रवण कुमार विश्वकर्मा, सुरजीत राम नायक ग्राम के वरिष्ठ कार्यकर्ता मेघनाथ कौशिक, दुर्योधन रावटे, देवेन्द्र धावड़े, शंभूराम रात्रे, प्रभू राम खरे,पालकराम चुरेंद्र, रुखमन रात्रे व ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

